हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026



# कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसियों का उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## दुर्ग में अफीम की खेती के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध, पुलिस रही मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश में अफीम की खेती मामले में प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन करते भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रदेश को नशे का गढ़ बनाने का आरोप लगाया।

अफीम की खेती मामले में आयोजित जिला भाजपा कार्यालय का घेराव करने लगभग ढाई-तीन सौ की संख्या में जिलेभर से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे और यहां उन्होंने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेडिंग को तोड़ते उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो बैरिकेडिंग को तोड़ते आगे बढ़े और तीसरी बैरिकेडिंग के समीप बैठकर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की जाती रही। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव और पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। भाजपा कार्यकर्ता अफीम की खेती कर रहे हैं। यह सब शासन-प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा था और भनक भी नहीं लगी, जो दुर्भाग्य की बात है।

⏩ शेष पेज 12 पर

### राज्य में अफीम की खेती:मुदलियार

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि प्रदेश की पहचान पहले धान के कटोरा के रूप में हुआ करती थी। अब यहां अफीम की खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकर्ताओं को अफीम की खेती करने छूट दे रखी है। पहले दुर्ग जिले के समोदा और अब बलरामपुर जिले में अफीम की खेती मिली है। उन्होंने कहा कि यहां नकली बीयर और नकली शराब के मामले भी बढ़ रहे हैं।





### ढाई सौ जवान तैनात

पुलिस द्वारा भाजपा कार्यालय की ओर जाने वाले अलग-अलग रास्ते में बैरिकेडिंग पॉइंट लगाया गया था। एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए कानून व्यवस्था के लिए लगभग ढाई सौ जवानों का बल लगाया गया।

# समाधान योजना: दो लाख उपभोक्ताओं को होगा लाभ, बिल में मिलेगी 50% तक छूट

## 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार ने अब लंबित बिजली बिल की वसूली सुनिश्चित करने के लिए समाधान योजना लॉच की है। इस योजना के तहत बीपीएल-गरीबी रेखा के नीचे और कृषि श्रेणी के उन अशासकीय उपभोक्ता, जिनका लंबे समय से भुगतान नहीं हुआ है, उनको भुगतान करने पर छूट दी जा रही है। अधिभार राशि के साथ ही मूल राशि पर भी छूट के ऑफर जारी किए गए हैं। राजनांदगांव सर्कल के चार जिलों में इस योजना का सीधा लाभ दो लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा।

बताया गया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के माध्यम से 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, निष्क्रिय घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा निष्क्रिय कृषि स्थायी एवं अस्थायी श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 31 मार्च 2023 के पूर्व सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए 5 वर्ष से अधिक अवधि के बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा 01 वर्ष से 5 वर्ष तक अवधि के सक्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि एवं अधिभार राशि के किस्तों में भुगतान करने पर भी छूट की सुविधा मिलेगी। इसके तहत एकमुश्त भुगतान पर मूल राशि में 10 प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत, तीन किस्तों में भुगतान पर मूल राशि में 05 प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत तथा छह किस्तों में भुगतान पर मूल राशि में शून्य प्रतिशत एवं अधिभार राशि में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। शेष बकाया राशि की किस्तों में भुगतान पर आगामी माह में कोई अधिभार देय नहीं होगा।

### खास बातें

- मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना
- राजनांदगांव जिले में ही एक लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा योजना के तहत लाभ
- प्रचार करने वाले मीटर वाचकों को भी प्रोत्साहन राशि




### लाभ के लिए पंजीयन अनिवार्य

इस योजना में छूट का लाभ लेने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू एवं अशासकीय केवल कृषि श्रेणी के उपभोक्ता को पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र सक्रिय अशासकीय घरेलू और केवल कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के लिए उपभोक्ता को अपनी कुल बकाया राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत भुगतान जमा करना होगा, जो उपभोक्ता शेष बकाया राशि का भुगतान किस्तों में करेंगे, उन्हें आगामी महीनों में उस राशि पर कोई भी अतिरिक्त अधिभार सरचार्ज देय नहीं होगा।

### राजनांदगांव में सर्वाधिक उपभोक्ता

चार जिलों में सर्वाधिक उपभोक्ता राजनांदगांव जिले में है। आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव जिले से 100303, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से 29491, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से 31012 एवं कबीरधाम जिले के 47445 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिए 04 जिलों के सभी विद्युत वितरण केंद्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### बिलिंग बॉय को भी मिलेगा इनाम

इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने और उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए विभाग ने मीटर वाचकों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की है। एकमुश्त भुगतान पर यदि मीटर वाचक की प्रेरणा से कोई उपभोक्ता निष्क्रिय-सक्रिय घरेलू, बीपीएल या कृषि श्रेणी एकमुश्त भुगतान करता है, तो मीटर वाचक को 1000 प्रति उपभोक्ता प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। किस्तों में भुगतान पर संपूर्ण किस्तों का भुगतान सफल होने की स्थिति में मीटर वाचक को 500 प्रति उपभोक्ता की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

# उखड़ी चौपाटी से त्रिवेणी परिसर तक की सड़क

- आवगमन में हो रही दिक्कत, मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के त्रिवेणी परिसर से लेकर चौपाटी के समीप तक की सड़क काफी जर्जर हो गई है। लंबे समय से इस सड़क का पुनः निर्माण नहीं किए जाने से सड़क की गिट्टियां बाहर आ रहे हैं।

यह सड़क लालबग क्षेत्र से गौरवपथ की ओर जाने का मुख्य मार्ग है। खस्ताहाल होती इस सड़क पर दोपहिया वाहन चलाने में लोगों को दिक्कतें हो रही है। खासकर साइकिल सवार स्कूली बच्चों को प्रतिदिन इस मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे उन्हें काफी समस्या होती है। इस मार्ग पर वाहन चलाने से सड़क पर उभरी गिट्टियों के

⏩ शेष पेज 12 पर

### गिर रहे साइकिल सवार बच्चे

त्रिवेणी परिसर से चौपाटी तक की इस सड़क के निर्माण को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने की चलते लोग इस जर्जर हो रही सड़क से चलने को मजबूर है। इस सड़क पर प्रतिदिन स्कूली बच्चों के अलावा सुबह की सैर करने वाले बुजुर्ग भी गुजरते हैं। सड़क पर जगह-जगह हो रहे गड्ढों की वजह से कई बार साइकिल सवार बच्चे गिर भी जाते हैं।

# बाजार में पहुंचे मटके, बढ़ने लगी मांग

- फ्रिज के पानी में मटके जैसी बात कहां

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मी के शुरूआती दिनों से ही मिट्टी के घड़ों की खरीदारी शुरू हो गई है। बढ़ती गर्मी के साथ ही लोग मटका लेने बाजार पहुंच रहे हैं। शहर के जयस्तंभ रोड पर मिट्टी के बर्तनों की दुकान पर मटकों का भंडारण नजर आ रहा है।

इस वर्ष ग्राहकों को आकर्षित करने मटकों में कुछ सजावटें भी देखी जा रही है। वहीं प्राकृतिक रूप से ठंडा होने वाले मिट्टी के घड़ों के अलावा अब मिट्टी की बोतलें भी बाजार पहुंच रही है। इस बोतल में ढक्कन भी लगाया गया है। जिससे इसे आसानी से लोग अपने सफर में साथ ले जा सकते हैं। बढ़ती गर्मी की वजह से कई घरों में पीने के लिए मटकों उपयोग किया जाने लगा है। हालांकि कुछ घरों में अक्षय तृतीया पर पूजा-अर्चना करने के बाद ही नए मटकों का पानी पिया जाता है।

⏩ शेष पेज 12 पर



### आधुनिक हो रहे मटके

समय के साथ मिट्टी से बने मटके भी आधुनिक होते चले गए। लोगों की जरूरत और सहुलियत के हिसाब से मटकों में बदलाव होता चला गया। अब नल के साथ मटकों में ग्रीप भी बनाई जा रही है। मटका विक्रेताओं ने बताया कि यह ग्रीप मटकों की बाहरी सतह में होती है। जिससे मटकों की सफाई में सहायता होती है, फिसलन से यह मुक्त होता है। वहीं मटकों से रिसने वाला पानी ग्रिप की वजह से सतह पर ठहरता है। जिससे मटके में अधिक ठंडकता बनती है।

## कॉलेजों में प्रोफेसर्स की भी कमी, पढ़ाई प्रभावित

# स्कूल भवनों में चल रहे कॉलेज, चार साल में भी नहीं हुआ नैक मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उच्च शिक्षा प्रणाली बदहाल है, जहां कई कॉलेज बुनियादी सुविधाओं के अभाव में स्कूल भवनों से चल रहे हैं। गुणवत्ता की कमी के कारण चार साल बाद भी नैक मूल्यांकन नहीं हो पाया है, जो शिक्षा के गिरते स्तर और अव्यवस्था को उजागर करता है। यह स्थिति शिक्षा को सेवा के बजाय मुनाफे में बदल रही है।



ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले कुछ सालों में कई नए शासकीय महाविद्यालय तो खोल दिए गए, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी ने इन कॉलेजों की स्थिति चिंताजनक बना दी है। हालात यह है कि चार सालों के बाद भी कई कॉलेजों का स्वयं का भवन तैयार नहीं हो पाया है और आज भी उनकी कक्षाएं स्कूलों के कमरों में संचालित हो रही है। वर्ष 2018 से 2023 के बीच अविभाजित राजनांदगांव जिले में अर्जुनी, चिल्हाटी, ठेलकाडीह, साल्हेवारा और बाजार अतरिया सहित कई नए कॉलेज खोले गए, लेकिन इन संस्थानों में प्रयोगशाला, उपकरण, पुस्तकालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है। कॉलेजों की कक्षाएं स्कूलों के छह से सात कमरों में संचालित की जा रही है, जहां विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त टेबल-कुर्सी और पेयजल जैसी मूलभूत व्यवस्था भी नहीं है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि आधारभूत ढांचे की कमी के कारण इन कॉलेजों का अभी तक नैक की ओर से मूल्यांकन भी नहीं हो पाया है। नैक मूल्यांकन के बिना कॉलेजों को कई शैक्षणिक सुविधाएं और अनुदान नहीं मिल पाते। जिससे छात्रों की पढ़ाई सीधे प्रभावित हो रही है।

### विद्यार्थियों की संख्या भी घटी

राज्य सरकार के बजट में नवीन महाविद्यालय अर्जुनी के भवन निर्माण के लिए करीब चार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, लेकिन अन्य कॉलेजों की स्थिति अब भी बेहद कमजोर बनी हुई है। सुविधाओं की कमी के कारण कई कॉलेजों में छात्रों की संख्या भी घटने लगी है। 250 से अधिक पद खाली जिले के लगभग 25 शासकीय कॉलेजों में प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक के 250 से अधिक पद रिक्त है। कई कॉलेज प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहे हैं और अधिकांश जगहों पर पढ़ाई संविदा शिक्षकों के सहारे चल रही है। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ेगा।



## समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं

# संकट की आहट के बीच शहर में जमकर हो रही पानी की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

## गंडई में साल दर साल गंभीर हो रहा जल संकट

गर्मी की दस्तक से पहले नगर में जल संकट मंडराने लगा हैं। एक तरफ भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत की बदइंतजामी के कारण एक स्थान से प्रतिदिन 2 हजार लीटर पानी नालियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। बस स्टैंड स्थित पंचरत्न शीतल पेयजल केंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

जानकारी के अनुसार सालों पहले नगर पंचायत के सहयोग से छुईखदान के दानदाता राजकुमार आशीष जैन ने प्यासे लोगों की सुविधा के लिए पंचरत्न शीतल पेयजल की स्थापना की थी। देखरेख के अभाव में यह केंद्र जर्जर हो चुका है। छत पर लगी पानी टंकी पुरानी हो चुकी है। कई महीनों से छत से पानी टपक रहा है।

### निजी बोर की बाढ़

नगर में निजी बोर खनन की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्तमान में लगभग 30 प्रतिशत से अधिक घरों में निजी बोर हैं। गर्मियों में पानी के अत्यधिक दोहन के कारण कुएं अभी से सूखने लगे हैं। लोग अपनी जरूरत लायक पानी भरने के बाद हजारों लीटर पानी यूं ही बहा देते हैं। यही आलम रहा तो आने वाले एक महीने के भीतर निकाय के सरकारी बोर फेल हो जाएंगे और नगर बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि करने मजबूर होगा।



### 24 घंटे में 2000 लीटर पानी बर्बाद

जानकारों और प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रिसाव इतना है कि महज 10 से 20 मिनट में 20 लीटर की बाल्टी भर जाती है। इस हिसाब से गणना की जाए तो 24 घंटे में लगभग 1 से 2 हजार लीटर पानी व्यर्थ बहकर नालियों में जा रहा है। यह वह पानी है जिसे सहेज कर दर्जनों परिवारों की प्यास बुझाई जा सकती थी, लेकिन प्रबंधन की उदासीनता के कारण पानी गंदी नालियों में जा रहा है।

### सुधार कराया जाएगा

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि इंजीनियर को भेज कर दिखवा कर सुधार कार्य कराया जाएगा।

### गहरी नींद में प्रशासन

प्रशासन जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहा है, वहीं बस स्टैंड में पानी की हो रही यह बर्बादी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है। कहा जा रहा है कि नगर पंचायत को बड़े जल संकट के इंतजार में है? वक्त रहते रिसाव को नहीं रोका गया और गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर जर्जर टंकियों की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि जल संकट से नगर को बचाया जा सके।

## शासकीय व्यवसायिक परिसर में तोड़फोड़



■ बिल्डिंग के कमजोर होने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर के बस स्टैंड के पास नगर पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक भवन में अवैधानिक तरीके से तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। यह भवन का हैंडओवर अभी तक नहीं हुआ है? इसके बावजूद ऊपरी छत तथा नीचे के छत के बीम को तोड़ दिया गया है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीम को हटाने से भवन की मजबूती कमजोर हो गई है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि यह तोड़फोड़ किसकी अनुमति से किया गया है इसकी जांच होना चाहिए।

### प्रेस क्लब ने की शिकायत

मामले को लेकर प्रेस क्लब ने नगर पंचायत में शिकायत कर कार्यवाही की मांग है। इस संबंध में नगरवासी भी शिकायत करने की तैयारी में हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं। पता चला है कि उक्त व्यवसायिक कॉम्लेक्स के मालिक द्वारा पत्रकार को फोटो खींचने के शक पर मारने की धमकी दी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 15 को

**छुईखदान।** दुबेलिया तेली साहू समाज द्वारा जिला स्तरीय भक्ति माता कर्मा जयंती कार्यक्रम, शोभायात्रा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन आगामी 15 मार्च को मंगल भवन टिकरीपारा में किया गया है। समाज के सहसचिव सीआर साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सामाजिक जनों की उपस्थिति सुनिश्चित करने गांव-गांव में बैठक आयोजित कर प्रचार किया जा रहा है। कार्यक्रम भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड, बाजार लाइन ,जैन मोहल्ला होते हुए वापस मंगल भवन टिकरीपारा पहुंचेगी। यहां समाज के पदाधिकारी भक्त माता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। आयोजकों ने छुईखदान, खैरागढ़, गंडई, धमधा सहित अन्य ब्लाको के समाजिक पदाधिकारियों एवं स्वजातियों ने शामिल होने की अपील की है। समापन खिचड़ी महाप्रसादी वितरण के साथ होगा।

### उल्लास से मनाया महिला दिवस



**बेलगांव।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के एचआरडीपी कार्यक्रम अंतर्गत समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने ग्राम पंचायत शिवपुरी में महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम में एसआरएलएम के बीपीएम, सीआरपी, पीआरपी, सरपंच, समूह की महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर महिलाओं को आत्मनिर्भरता, आजीविका संवर्धन तथा समूह गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भैया सिंह झरे, नंदलाल साहू, सोमनाथ चावले आदि शामिल हुए।

### सीईओ ने किया आवास एवं गौधाम का निरीक्षण



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में गुरूवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल प्रधानमंत्री आवास निर्माण एवं संचालित गौधाम गौशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने गांव में संचालित गौधाम गौशाला का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौधाम में पशुओं के रख-रखाव, चारा-पानी की व्यवस्था तथा साफ-सफाई का अवलोकन किया। संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को गौधाम के सुचारू संचालन तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए।

### कांग्रेस का प्रदर्शन बेअसर रहा

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के विभागीय कार्यों में गड़बडी, टेंडर प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा को लेकर कांग्रेस ने दिसंबर में घंटो प्रदर्शन किया था। आंदोलन के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच और कार्रवाई का आश्वसन दिया था किन्तु अब तक न जांच हुई और न किसी पर कार्रवाई हो सकी है। कांग्रेस के प्रदर्शन से भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने दूरी बना लिया था तो पालिका अधिकारी व कर्मचारियों ने गेट पर ताला लगा कर अपने आप को बंद कर लिया था। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से कार्यालय को छावनी बना दिया था। मौके पर पहुंचे आईएएस अधिकारी एम भार्गव ने कांग्रेस के आवेदन को लेने के बाद बंद कमरे सीएमओ को बुला कर जांच कर कार्रवाई करने कहा था जिसके बाद कांग्रेस का धरना खत्म हुआ। अब पूरा मामला ठँडे बस्ते में चला गया है।

# विरोध के बाद हटाया गया तीसरा कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

## नर्मदा में पहले लगाया जा चुका है दो कैमरा

ग्राम पंचायत चकनार के नर्मदा में गुरूवार को पैलीमेटा मार्ग पर परिवहन विभाग द्वारा कैमरा लगाया जा रहा था जिसे ग्रामीणों के विरोध पर हटाना पड़ा। नर्मदा में पहले ही विभाग दो कैमरा लगा चुका है। तीसरा कैमरा और लगने पर स्थानीय ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा मौके पर पहुंच कर विरोध करने लगे। अंततः ग्रामीणों के विरोध पर कैमरा को हटाया गया।

ज्ञात हो कि नर्मदा चौक में छह माह पहले दो कैमरा लगाया जा चुका है। कैमरा द्वारा मार्ग से गुजरने वाले वाहन के नम्बरों का रीड होना शुरू होने के बाद वाहन चालक परेशान होने लगे। दो पहिया एवं बड़े वाहन जिनका बीमा, फिटनेस सहित अन्य मापदण्ड पूर्ण नहीं होने की स्थिति मोटी रकम का चालान काटा जा चुका है। चलाना कटने के शुरू होने के बाद स्थानीय वाहन चालक इसका जमकर विरोध करने लगे।



### पचास हजार से अधिक का चालान

प्राप्त जानकारी अनुसार नर्मदा में लगे कैमरा से वाहन चालकों को मोटी एवं भारी भरकम चालान कटने की जानकारी है। परिवहन विभाग के मापदण्ड के अनुसार जिन वाहनों में कमी पाया गया उन वाहनों पर 23 सौ से 50 हजार से अधिक तक का चालान काटे जाने की खबर है। वाहन चालकों ने बताया कि एक ही सप्ताह में दो से तीन बार चालान काटा गया है। चालकों ने बताया कि चालान कटने के सप्ताह भर बाद इसकी जानकारी भेजी जाती है। जिससे रकम दो, तीन गुना हो जाता है।

### नहीं हुई सुनवाई

बीते माह आयोजित लोक अदालत में क्षेत्र के बहुत से चालान काटे वाहनों के चालकों ने अपनी समस्या बताई किन्तु समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जानकारी मुताबिक नर्मदा में परिवहन विभाग के कैमरा से क्षेत्र के सैकड़ों वाहनों पर चालान काटा गया है। जिसमें से कुछ लोगों को छोड़ किसी ने भी अब तक चालान की राशि जमा नहीं है।

# जेसीबी जब्त, अन्य वाहनों को छोड़ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अवैध उत्खनन एवं अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद वन विभाग के अधिकारी कार्यवाही करने के बजाय संरक्षण दे रहे है। पता चला है कि पिछले एक महिने में 4 से 5 मामले में वाहन जप्त करने के बाद छोड़ दिया गया है। हाल ही में अवैध उत्खनन में लिप्त एक जेसीबी को पकड़ा गया है। अधिकारियों के निर्देश पर जेसीबी को अछोली काष्ठागार में रखा गया है। जानकारी के अनुसार मौके पर दो वाहन को छोड़ दिया गया है। रेत और मुरूम से भरे वाहन छोड़ने के एवज में सौदेबाजी होने की चर्चा है किन्तु जेसीबी मालिक से लेनदेन तय नहीं होने के कारण काष्ठागार में रखा गया है।

### अवैध फर्नीचर मार्ट संचालित

जानकारी के अनुसार बागनदी, चिचोला क्षेत्र में बड़े पैमाने में अवैध फर्नीचर का कारोबार संचालित हो रहा है। इन दुकानों में अवैध इमारती लकड़ी का उपयोग फर्नीचर बनाने में किया जाता है। इस मामले को लेकर जब रेंजर एचएसबी सिन्हा से संपर्क किया गया तो उन्होंने मामले की जानकारी होने से इंकार करते हुए फोन कट कर दिया। वहीं एसडीओ योगेश साहू ने मामले की जांच कर गडबडी पाये जाने पर कार्यवाही करने की बात कही है।

### आपसी मतभेद भूलकर सभी आगे बढ़ें: गांधी



**डोंगरगांव।** ग्राम दीवानभेडी और कोपेडीह में बीते दिनों फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने शामिल होकर प्रतिभागियों और आयोजकों को उत्साहवर्धन किया। श्री गांधी के गांव पहुंचने पर आयोजकों और ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें पुराने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कपिलदेव पडोती, ममता मनीष पटेल, विवेक मंडावी, सरपंच सोनिया मंडावी, रीपू साहू कुलेश्वर निषाद, लखन साहू, लोकनारायण साहू, लोभन तिवारी, लेखुराम, रमेश, योगेश, अनिल, गोलू, सुनील, भुवाल, सुंदरलाल वर्मा, जिवराखन वर्मा, चोवाराम निर्मलकर, पुनऊराम, चुनुराम, टेलनसिंह, जीवधन, संतोष, फूलसिंह, पारस, नेतराम, डिलेश्वर, शत्रुहन आदि मौजूद थे।

### भक्तों ने मनाया भगवान का जन्म कल्याणक

**डोंगरगढ़।** श्री दिगम्बर जैन समाज ने भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक धूमधाम से मनाया। प्रातः श्री दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान को पालकी में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गयी जो पटेल वार्ड, भंडारी चाल से होते हुए जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, भगत सिंह चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। भक्तों ने अपने घर के सामने भगवान की अगवानी और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना की। तत्पश्चात मंदिर में भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं महा आरती की गई। इस उपलक्ष्य में जगह- जगह भंडारा एवं खीर वितरण किया गया। डॉ. सम्राट जैन पिता प्रदीप जैन ने 27 ग्राम सोने का छत्र मूलनायक 1008 श्री नेमिनाथ भगवान को चढ़ाया। सामाजिकजनों ने अनुमोदना किया। समाज के अध्यक्ष अनिल जैन ने उनका सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया। जागृति महिला मंडल ने जन्म कल्याणक की झांकी बना कर प्रदर्शित किया। इस मौके पर अनिल जैन, जयकुमार जैन, सुरेश चंद जैन ने अन्य मौजूद थे।



### शाला परिवार ने दी पांचवी के बच्चों को बिदाई

**मुढ़ीपार।** प्राथमिक शाला बिरेझर में शाला प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने समारोह का आयोजन कर कक्षा 5 वीं के बच्चों बिदाई दी। इस मौके पर प्रधानपाठक तारकेश्वर साहू, शिक्षक मनहरण देवांगन ने बच्चों का उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में धर्मेंद्र ठाकुर, दयाराम नेताम, उमेश देशमुख, लिकेश साहू, संतोष यादव, सुनील ध्रुव, गजेंद्र पटेल, अनिक शर्मा, कृष्णदेव, दालेश्वर देशमुख, खिलेश्वरी पटेल, रेखा पटेल, चंद्रिका साहू, भारती ठाकुर, सविता धुर्वे, रंगोली साहू आदि शामिल हुए।

## विद्यालय में महिला दिवस

# लक्ष्य तय कर नियमित अभ्यास करें: नम्रता सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के आतिथ्य में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेंदाकोडो में महिला दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य महेश कुंजाम, रमेश हिड़मे, राजेंद्र जुरेशिया, हेमंत नेताम, ओमप्रकाश, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिपं भारती चंद्राकर आदि मौजूद थे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि आज का समय प्रतिस्पर्धा का है, इसलिए सभी को अपना लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अभ्यास करना चाहिए, तभी सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा अत्यंत आवश्यक है और वर्तमान समय में करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं।

अपनी रुचि के अनुसार करियर का चयन कर परिश्रम करें तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि किसी भी परिस्थिति में हार न मानें और निरंतर प्रयास करते रहें।




### अपनी क्षमता को पहचाने

कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई विशेषता होती है, जो उसे दूसरों से अलग बनाती है। अपनी क्षमता को पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समय आत्मनिर्माण का है, इसलिए दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने छात्राओं से कहा कि उन्हें यहां पढ़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिला है, इसलिए पालकों के विश्वास पर खरा उतरें और समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनें।कलेक्टर ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की शुरुआत घर से होती है। बच्चों को घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ पढ़ाई के लिए भी प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

### हर क्षेत्र में लड़कियां आगे

जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर ने कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने छात्राओं से दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अध्ययन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बालिकाओं को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए राष्ट्र, क्षेत्र एवं समाज निर्माण में सहभागिता की बात कहीं।

# भाजयुमो महामंत्री को मिली संगठनात्मक जिम्मेदारी

## पश्चिम बंगाल में संगठन को मजबूत करने का करेंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भाजयुमो के जिला महामंत्री विक्रांत चंद्राकर को प्रदेश युवा मोर्चा के निर्देशानुसार पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले की तमलुक विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दायित्व के अंतर्गत वह स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करते हुए युवा मोर्चा को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे।

श्री चंद्राकर लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। छात्र जीवन से ही वह राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े रहे हैं और विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे हैं। युवाओं के बीच उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण और कार्यशैली को देखते हुए संगठन ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इसी क्रम में मोयना विधानसभा क्षेत्र में आयोजित परिवर्तन यात्रा में भी श्री चंद्राकर ने स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सहभागिता की। परिवर्तन यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने को लेकर चर्चा की गई।



### पहले भी निभा चुके कई दायित्व

विक्रांत चंद्राकर ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उनके ऊपर व्यक्त किया है, वह उनके लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के साथ कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे पूर्व उप मुख्यमंत्री सिंहदेव



**खैरागढ़।** जिपं सदस्य व कांग्रेस नेता के परिजनो से भेंट मुलाकात करने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का आज शहर आगमन होगा। उपमुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी पत्र अनुसार श्री सिंहदेव सुबह दस बजे जालबांधा पहुँचेंगे जहाँ कांग्रेस कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात बाद पांडुका मे भागचंद पारख के घर परिजनो से मिलेंगे। सवा बारह बजे मां दंतेश्वरी दर्शन, रूक्खड़ स्वामी मंदिर मे दर्शन पूजा अर्चना उपरांत सिविल लाइन दुर्गा चौक मे स्व राजा देवव्रंत सिंह की प्रतिमा मे माल्यार्पण करेंगे। कांग्रेस नेता नित्यशरण सिंह के सुपुत्र के अनन्नप्राशन कार्यक्रम मे उपसर्थिति बाद श्री सिंहदेव जिपं सदस्य शताक्षी सिंह के आवास में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेंगे।

## प्रदेश में अवैध अफीम की खेती और गैस किल्लत पर बोला हल्ला

# कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव, जमकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

प्रदेश में पहले समोदा और अब बलरामपुर मे अवैध अफीम की खेती के साथ देश मे रसोई गैस की किल्लत को लेकर सियासी पारा पूरी तरह चढ़ चुका है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साय सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर पहुंचकर दुर्ग और बलरामपुर में हो रही अफीम की अवैध खेती के मुद्दे को लेकर जमकर नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इस दौरान कांग्रेस नेताओ ने कहा कि प्रदेश की शांत धरती पर अफीम की खेती होना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सब सरकार की नाक के नीचे हो रहा है। यदि दोषियों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर राजधानी तक और उग्र करेगी। उन्होने स्पष्ट कहा कि जनहित और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

### नशा परोस रही है सरकार : डॉ भारद्वाज

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अरुण भारद्वाज ने सामाजिक सरोकारों का हवाला देते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में नशे का कारोबार अपने चरम पर है। छोटे-छोटे बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे प्रदेश का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रभावी रोक लगाने के बजाय अप्रत्यक्ष रूप से नशा परोसने का काम कर रही है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सिरमौर, विजय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, आकाशदीप सिंह, सुबोधकांत पांडेय, पूरन सारथी, रवींद्र सिंह गहरवार, रिंकू गुप्ता, नरेंद्र सेन, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, सूरज देवांगन, उमेश साहू, भूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### आम जनता व व्यापारी वर्ग परेशान

प्रदर्शन के दौरान अफीम की खेती के साथ-साथ कांग्रेसियों ने देश प्रदेश सहित पूरे जिले में हो रही रसोई गैस की किल्लत को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा कांग्रेसियों का कहना था कि सिलेंडर न मिलने से आम जनता और व्यापारी वर्ग परेशान है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू नहीं की, तो इसके लिए भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाजपा कार्यालय घेराव दौरान कांग्रेसियो के उत्साह को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# सामूहिक विवाह का आयोजन



**राजनांदगांव।** गोंडवाना समाज केन्द्र सुवरबोड़ द्वारा पूर्व सांसद स्व. लाल श्याम शाह के पुण्यतिथि अवसर पर 10 मार्च को मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्राम मड़ियानवाड़वी में एक दिवसीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक इंद्रशाह मंडावी व अध्यक्षता केन्द्र अध्यक्ष पुरण कुमेटी ने किया। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह समेत लाल लक्ष्मेन्द्र शाह, गेंदकुंवर ठाकुर, डीआर आचला, नरसिंह भंडारी, चन्द्रेश ठाकुर, नोहरूराम कोरेटी, लालसिंह सोरी, नारायण नेताम, पदुम सिंह तोप्पा, कुमार कोरेटी, नोहरूराम कुमेटी, मानसाय बोगा, लाल सिंह सोरी, प्रबल सलामे, नारायण सिंह नेताम, केजूराम गोगा, राय सिंह सोरी, भावसिंह कुमेटी, सुखराम तुलावी, चित्ररेखा चनापे, बिराजबाई उइके, रमशिला नेताम, सुंदाय कुंदन धुर्वे, थानुराम नुरेटी, लतखारे सिंह नुरेटी, रेशम नुरेटी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर समाज द्वारा 02 जोड़ी विवाह गोंडवाना रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया।

मुख्य अतिथि इंद्रशाह मंडावी ने नवविवाहित दपंत्तियों को शुभकामनाएं देते आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने ग्राम में बेहतरीन आयोजन की सराहना की। उन्होंने समाज के लोगों को नशापान आदि बुराईयों से दूर रहने तथा बचत की आदत डालने की अपील भी की। लाल लक्ष्मेन्द्र शाह ने समाज के दशा एवं दिशा के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। चंद्रेश ठाकुर ने समाज द्वारा सामूहिक विवाह के आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की।

# उदयपुर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने उदयपुर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल तथा विज्ञान सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।




### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के साथ विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। महिला सेल की सहायक उपनिरीक्षक ने साइबर अपराध एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी साझा करते हुए सतर्क रहने का आव्हान किया। इस दौरान ज्योति जंघेल, दुष्यंत जंघेल, खम्हन ताम्रकार, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीतराम खुटेल, परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे, वृंदा हनवंत, सुरेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे। अंत में परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** विश्व श्रवण दिवस पर कम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि विश्व श्रवण दिवस प्रतिवर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य श्रवण हानि (सुनने की समस्या) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कान एवं श्रवण स्वास्थ्य की देखभाल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बच्चों में श्रवण समस्याओं को शीघ्र पहचान, समय पर हस्तक्षेप, सामुदायिक जागरूकता तथा शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर हितग्राहियों को 5 श्रवण यंत्र, 3 एलएस ब्रेस, 2 स्टिक एवं 1 ट्राइपॉड प्रदान किए गए। साथ ही सीआरसी की महिला कर्मचारियों को दिव्यांगजनों की सेवा में उनके समर्पण एवं संस्थान की प्रगति में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. राहुल सिंह चौहान, डॉ. मिथलेश शर्मा, डॉ. गौर, डॉ. अश्विनी शेट्टी दिवाकर, डॉ. तृप्ति पंजवानी आदि उपस्थित थे।

# सावित्रीबाई फुले हैं शिक्षा की देवी : विप्लव साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता व राजनीतिज्ञ विप्लव साहू ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन संघर्षों को याद किया। मौजूद छात्रों से संवाद करते हुए विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका ही नहीं थीं, बल्कि वे सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत थी। उन्होंने ऐसे समय में महिलाओं की शिक्षा और समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए संघर्ष किया, जब समाज में इसके प्रति गहरा विरोध था. उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर भारत का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में समानता और न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

### समाज सुधार के लिए किया जीवन अर्पण

विप्लव साहू ने कहा कि सावित्रीबाई फुले वास्तव में शिक्षा की देवी हैं क्योंकि उन्होंने लड़कियों और वंचित समाज के लिए शिक्षा का दीप जलाया. उन्होंने भ्रूण हत्या के विरोध, बाल हत्या प्रतिबंध गृह की स्थापना, विधवा मुंडन की कुप्रथा का विरोध सहित समाज सुधार के कई ऐतिहासिक कार्य किया साथ ही समाज में समानता और न्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाया। विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर भी चर्चा दौरान विप्लव साहू ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं, बल्कि तर्कसंगत, संवेदनशील और जागरूक नागरिक बनना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और समाज में समानता व न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# पोषक विद्यालय संपर्क अभियान के तहत पहुंचे ठेलकाडीह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के नेतृत्व में प्राणीशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक डॉ. माजिद अली, गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय एवं करुणा रावटे ठेलकाडीह पहुंचे, जहां उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित पोषक विद्यालय संपर्क अभियान एवं महाविद्यालय के विस्तार गतिविधि अग्रणी दिग्विजय कार्यक्रम के तहत शा.उ.मा.शाला ठेलकाडीह पहुंचे, जहां प्राचार्य श्रीमती गढ़पायले ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

तत्पश्चात संस्था के सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली ने 11वीं एवं 12वीं कक्षा के कला विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाएं जैसे लाइब्रेरी, फ्री हॉस्टल एवं विभिन्न प्रकार की दिए जाने वाले स्कॉलरशिप के बारे में भी विस्तार से समझाया। साथ ही महाविद्यालय द्वारा रोजगार मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट कैंप के आयोजन के बारे में भी विस्तार से बताया।




### समय समय पर कैम्पस का आयोजन

प्रो. चिरंजीव पाण्डेय ने जानकारी दी कि दिग्विजय महाविद्यालय में लगभग 7:30 हजार निमित्त विद्यार्थी तथा 10000 से अधिक स्वाध्याय विद्यार्थी हैं। विद्यार्थियों के लिए रोजगार मार्गदर्शन तथा कौशल प्रशिक्षण प्रकोष्ठ महाविद्यालय में संचालित है। जिसके द्वारा देश की जानी-मानी लगभग 60 कंपनियों द्वारा समय-समय पर कैंपस का आयोजन किया जाता है। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के समापन के पूर्व संस्था प्राचार्य ने सहायक प्राध्यापक डॉ. माजिद अली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राध्यापक गुरप्रीत सिंह भाटिया, चिरंजीव पाण्डेय सहित स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम के समस्त विद्यार्थी सम्मिलित रहे।

### विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

ज्ञात हो कि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राज्य का एक अग्रणी महाविद्यालय है, जहां 6000 से अधिक नियमित विद्यार्थी अध्यनरत है। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा नीति 2020 के तहत हुए बदलाव के लिए विद्यार्थियों को जागरूक करना उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य था। डॉ. माजिद अली ने बताया कि अनूप विद्यार्थियों को अपने विषय के अतिरिक्त अभिरुचि के अनुसार अन्य विषयों को भी चुन्नी की आजादी देता है। साथ ही सामान्य स्नातक विद्यार्थी यदि 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसे चौथे वर्ष में ऑनर्स स्नातक की सुविधा मिलती है। चौथे वर्ष में विद्यार्थी को रिसर्च तथा इनोवेशन की पढ़ाई करनी होती है। साथ ही 4 वर्षीय ऑनर्स स्नातक को स्नातकोत्तर में 1 वर्ष की छूट मिलती है, उसे केवल 1 वर्ष में पीजी की डिग्री प्रदान की जाती है।

# चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आदिवासी छात्रावास में चमत्कारों के विज्ञान का प्रदर्शन और व्याख्यान का आयोजन किया गया। पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में 7 मार्च को छात्रों को जागरूक करते वैज्ञानिक सोच का प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम द्वारा बताया गया कि बिना जाने किसी भी बात को नहीं मानना चाहिए। आज-कल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत सा झूठ परोसा जाता है, उससे सावधान रहना है। अच्छी शिक्षा के लिए पूरे मन से मेहनत कर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने ढाई हजार साल पहले बुद्ध द्वारा बताए गए कलाम सूक्त का उल्लेख करते बच्चों को बताया कि किसी बात को इसलिए मत मानों कि उसे बहुत से लोग मानते हैं। किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि वह बड़ी-बड़ी पुस्तकों या पवित्र माने जाने वाले ग्रंथों में लिखी हुई है, किसी बात को इसलिए भी मत मानों कि उसे किसी बड़े आदमी, किसी गुरु, किसी बड़े नेता या मैंने कही है, बल्कि उसे तब मानों जब तुम खुद जान लो कि वह कैसी है।



### दुष्प्रभावों से कराया अवगत

इस अवसर पर भिलाई से आए शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी और इंटरनेशनल चेस आर्बिटर पीएन राव ने बच्चों को अंधविश्वास से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को अपना आत्मविश्वास बढ़ाने कहा और उन्हें शहीद भगतसिंह के शहादत के बारे में बताते उनकी अध्ययन के प्रति लगन का उल्लेख किया। विज्ञान संचारक प्रशांत ने बच्चों को बेहतर जीवन के लिए अच्छी शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की इकाई का गठन किया गया है। विज्ञान में रूचि रखने वाले नागरिक इसकी सदस्यता ले सकते हैं। इस अवसर पर अधीक्षक मोहनीश उइके, छात्र नायक कैरल्स कोठारी सहित प्रफुल्ल मंडावी, भूपेंद्र तोप्पा, सुभाष सोरी, डिकेश्वर मंडावी, सुभम कोरेटी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सम्मेलन के बाद जस गायन की प्रस्तुति

# यादव समाज के महिला महासम्मेलन में हुआ सम्मान, होली मिलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला कोसरिया यादव समाज ने प्रदेश स्तरीय महिला महा सम्मेलन, होली मिलन साथ फतेह मैदान मे सम्मान समारोह आयोजित किया। संगीत विवि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, खैरागढ़ नपा अध्यक्ष गिरजा नंद चंद्राकर, छुईखदान नपं अध्यक्ष नम्रता गिरीराज किशोर दास, पूर्व नपं अध्यक्ष पर्तिका महोबिया, डॉ साधना अग्रवाल, डॉ पद्मा साहू पर्वणी और सेजेस प्राचार्य उमा यादव की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले शहर के डेढ़ सौ से उपर प्रतिष्ठित महिलाओं का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मेलन बाद देर शाम जस गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति हुई जिसका बड़ी संख्या मे लोगों ने आनंद उठाया।



होली मिलन कार्यक्रम मे समाज के प्रदेश व जिला यादव समाज के मन्नालाल यादव राजनांदगॉव, विश्वनाथ यादव डोंगरगढ़, अमर यादव, अनिल यादव दुर्ग, रविंद्र यादव बेमेतरा, डोमलाल यादव कबीरधाम सहित प्रदेश के सभी जिलो के महिला पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने समाज विकास को लेकर एकजुटता से काम करने का संकल्प जाहिर करते हुए रंग गुलाल की होली खेली। इस दौरान महिला विंग जिलाध्यक्ष आरती सूर्यकांत यादव, सीमा यादव, गीता यादव, कंचन यादव, कुसुम यादव, शांति यादव, लक्ष्मी यादव, पुश्पा यादव, उर्मिला यादव, गौरी यादव, मेहतरिन यादव, कांता यादव, मोनिका यादव, गीता यादव, जमुना यादव सहित बडी संख्या मे महिला पुरूष व युवाओ सहित बच्चे मौजूद थे।

### घर जाकर किया सम्मान

लाला जगदलपुरी सम्मान से सम्मानित प्रदेश के प्रतिष्ठित कवि व साहित्यकार डा. जीवन यदुराही के स्वास्थ्य को देखते हुए महिलाओं ने उनके घर जाकर सम्मान किया और कहा कि डॉ यादव समाज के शिरोमणि स्वरूप है। सभी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की और ससम्मान शाल श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया।

# समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

- महिलाएं परिवार का स्तंभ होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

सुजाता महिला बौद्ध समिति ने विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम थी। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव नलिनी मेश्राम ने की। विशिष्ट अतिथि राधिका जंघेल, पुष्पा साखरे, प्रभा चनद्रिकापुरे, किरण मेश्राम, चन्दना भावे थी। सुजाता महिला बौद्ध समिति की अध्यक्ष सविता मेश्राम एवं अन्य ने सभी का स्वागत किया। तत्पश्चात नलिनी मेश्राम ने बच्चों की शिक्षा और संस्कार पर अधिक ध्यान देने कहा। महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष पदमा मेश्राम ने कहा कि महिलाएं बहुत ही धैर्यवान होती है। एक महिला शिक्षित होती है तो वह मायका और ससुराल को शिक्षित करती है। वह परिवार का स्तंभ होती है। अंत में सुजाता महिला बौद्ध समिति ने अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता मेश्राम, अनुपमा लांडगे, प्रीति मेश्राम, अरुणा गजभिए, प्रियंका कुंभलवार, सारिका अम्बादे, लक्ष्मी बोरकर, पूजा मेश्राम, नीना कोटांगले, चंदन भावे, पायल बंसोड़, पुष्पा, आशुमाला मेश्राम, वंदना कुंभलवार सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।




### बंसल ने की एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल ने स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक लेकर एनसीडी कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत 22 कोलोकेटेड संस्था में एनसीडी कार्यक्रम के तहत बीपी, शुगर एवं कैंसर स्क्रीनिंग की शत-प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल पर भी शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोलोकेटड संस्थाओं को आशातीत उपलब्धि नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिदिन रिर्पोट की मॉनिटरिंग नोडल अधिकारी एनसीडी द्वारा किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, नोडल अधिकारी (एनसीडी) डॉ. अशोक कुमार बसोड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय, ग्राम पंचायत बाजार अतरिया**
**जपं खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

क्रमांक /बाजार नीलामी/ वर्ष 2025-26, दिनांक 12/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक बाजार / दैनिक हटरी बाजार की नीलामी सोमवार दिनांक 30/03/2026 को दोपहर 01 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है जिसकी नीलामी कार्यालय भवन में नियमानुसार होगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | साप्ताहिक बाजार | अमानत राशि 50,000/-रूपए | सरकारी बोली-6,50,000/रूपए |
| 2. | दैनिक हटरी बाजार | अमानत राशि 20,000/-रूपए | सरकारी बोली-4,50,000/रूपए |

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली में शामिल हो सकते है, नीलामी को लेकर नियम व शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सूचना पटल पर किया जा सकता है।

तरूण गुप्ता, सचिव — श्रीमती विमला हरप्रसाद वर्मा, सरपंच

## सार समाचार

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**राजनांदगांव।** गंज चौक स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में मौसमी शर्मा व उनके महिला मंडल द्वारा विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह के सफल ऑपरेशन के पश्चात उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूजा-अर्चना पश्चात प्रसादी वितरण कर सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के लिए श्रीराम व बालाजी हनुमान से आशीर्वाद मांगा। साथ ही डॉ. सिंह के जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना किया गया। सुंदरकांड व सामूहिक हनुमान का पाठ व डॉ. सिंह के लिए प्रभु से आशीर्वाद प्राप्त करने खूबचंद पारख, सुमित सिंह भाटिया, चंद्रभान जघेल, शालू वर्मा, रानू मेश्राम, मनीष श्रीवास्तव, कमल सिंह ध्रुव, कबीर साहू व अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।



### देवी भागवत 19 से

**राजनांदगांव।** लखोली शीतला मंदिर में सार्वजनिक देवी भागवत का आयोजन आगामी 19 से 27 मार्च तक रखा गया है। कार्यक्रम के कथा व्यास अंचल के कथा वाचक पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे। परायणकर्ता अशोक शर्मा होंगे। आयोजक सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### यादव समाज की बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** क्लब चौक हनुमान मंदिर के पास बसंतपुर भवन में कोसरिया यादव महासभा जिला राजनांदगांव की बैठक आगामी 14 मार्च को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया जाएगा एवं आगामी आयोजन के संबंध में चर्चा की जाएगी एवं सामाजिक गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श कर चर्चा की जाएगी।

### नारी को सजग व सचेत होना चाहिए : गुप्ता

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में 9 मार्च को प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर काव्य पाठ एवं विचार अभिव्यक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में भारतीय नारियों को कई अन्य देशों की तुलना में अधिक सशक्त बताया। उन्होंने महिला दिवस पर उत्सव मनाने की अपेक्षा महिलाओं को अपने अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति सजग व सचेत रहने का आह्वान किया। डॉ. प्रियंका सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में महिला दिवस की सार्थकता को निरूपित किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं चेतना सिन्हा, विनय वासनिक, गजेंद्र, दीपिका साहू, डोली साहू, माही सिंह, दीपक कुमार, कुमारी यामिनी साहू ने नारी विमर्श पर केंद्रित कविता पाठ किया एवं अपने विचार व्यक्त किए। महिला प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. किरण जैन, प्रो. स्वयंसिध्दा झा, डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. रोहिणी समरित ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम तिवारी एवं आभार प्रदर्शन प्रोफेसर स्वयंसिध्दा झा ने किया।



### राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी की निंदा

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी द्वारा देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रति की गई अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। जिलाध्यक्ष श्री राजपूत ने कहा कि राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक होती है और उनके पद की गरिमा सर्वोच्च होती है। ऐसे में किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मु न केवल देश की राष्ट्रपति है, बल्कि आदिवासी समाज की गौरवशाली प्रतिनिधि भी है। उनके प्रति इस प्रकार की टिप्पणी करना पूरे देश और आदिवासी समाज का अपमान है। श्री राजपूत ने कहा कि राजनीतिक मतभेद लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन संवैधानिक पदों के प्रति सम्मान बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। ममता को अपने इस बयान के लिए देश की जनता और राष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है और इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।



## पृष्ठ 09 का शेष

### कार्यालय घेरने निकले...

**कार्यकर्ता हुए शामिल-** जिला भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, झम्मन देवांगन, अनीश खान, डॉ. आफताब आलम, अशोक फड़णवीस, महेंद्र यादव, विनय झा, विशु अजमानी, रज्जू जॉन, अशोक पंजवानी, विष्णु लोधी, गुलरेज माखीजा, मेहुल मारू, अभिमन्यु मिश्रा, मदन साहू, आमीन हुड्डा, गणेश पवार राजकुमारी सिन्हा, चेतन भानुशाली, माया शर्मा, शैलेष ठाकरे, दुलारी बाई साहू, दिनेश शर्मा, मनीष गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### उखड़ी चौपाटी से...

चलते वाहन से खड़-खड़ाहट की आवाज के साथ ही वाहन का संतुलन भी बिगड़ता है। त्रिवेणी परिसर के सामने किया गया इंटरलॉकिंग भी खराब होकर उखाड़ने लगा है। यहां जगह-जगह गड्ढे पड़ रहे हैं। त्रिवेणी परिसर के ठीक सामने बीचो-बीच सड़क काफी उखड़ चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क को बनाने के लिए पार्षद सहित नगर निगम में भी मांग की जा चुकी है, लेकिन इस सड़क की मरम्मत को लेकर भी ध्यान नहीं दिया गया। यह सड़क त्रिवेणी परिसर, चौपाटी, सर्किट हाउस, दो निजी स्कूलों सहित एक निजी अस्पताल जाने का प्रमुख मार्ग है। इस सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने के चलते लगातार सड़क से गिट्टियां उखड़ रही है।

### बाजार में पहुंचे मटके...

**ढाई सौ तक के मटके-** मटका विक्रेता किशोर मेश्राम ने बताया कि फ्रीज का जमाना है, पर मटकों का चलन अब भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि शीतला अष्टमी से मटको की मांग और बढ़ जाती है। उनके पास 120 रुपए से ढाई सौ रुपए कीमत तक के मटके उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मटके बागनदी, मोहला और मानपुर क्षेत्र से आ रहे हैं। मिट्टी के घड़े में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम- मिट्टी के घड़े का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है। मिट्टी का घड़ा पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा करने के साथ ही इसे शुद्ध भी करता है। वहीं यह मिनरल से भरपूर होता है। मटके का पानी वाष्पीकरण प्रक्रिया के कारण ठंडा होता है, जो गले में खराश या सर्दी-खांसी उत्पन्न नहीं करता है। मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम पानी में मिल जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते है। वहीं कई लोगों को फ्रिज का पानी सूट नहीं करता है। यही कारण है कि अब भी अधिकांश घरों में गर्मी के दिनों में मटके का पानी उपयोग होता है।

**स्वास्थ्य पर पड़ता है असर-** फ्रिज का ठंडा पानी पीना पाचन क्रिया को धीमा कर मेटाबॉलिज्म खराब करता है। जिससे कब्ज, एसिडिटी और पेट दर्द, सर्दी-जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्या सामने आती है।

## समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए किया प्रोत्साहित

# समस्याओं का त्वरित समाधान थाना दिवस में शामिल हुए आईजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव की उपस्थिति में जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा मार्च माह के प्रथम थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समस्याओं का त्वरित निराकरण होते देख आमजनों के चेहरे पर खुशी और मन में संतुष्टि का भाव रहा।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला पुलिस टीम केसीजी द्वारा जिले के सभी थानों व चौकी में थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किए जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके परिपालन में 12 मार्च को थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों और आमजनों को थानों में आमंत्रित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों व सुझाव पर खुली चर्चा के लिए प्रोत्साहित किया गया।




### साइबर अपराध रोकने करें जागरूक

इसी तारतम्य में पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव एवं पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी लक्ष्य शर्मा द्वारा थाना साल्हेवारा एवं बकरकट्टा में उपस्थित होकर आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही साइबर फ्रॉड एवं नए आपराधिक कानून के संबंध में जानकारी, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने के अलावा साइबर अपराध संबंधित जानकारी दिया गया।

### मवेशियों को सुरक्षित रखने हिदायत

आवारा मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने हेतु पुलिस स्टाफ के साथ-साथ आम नागरिकों को मवेशियों को उचित स्थानों पर सुरक्षित रखने की हिदायत दिया गया, ताकि हो रही दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग के तहत महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव एवं पुलिस अधीक्षक केसीजी लक्ष्य शर्मा द्वारा ग्रामीणजनों को बैग तथा क्रिकेट बैट-बॉल व विकेट तथा बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया गया।

### शिकायत सुझाव पर करें त्वरित कार्रवाई

थाना क्षेत्र के आमजन, बैंकों के अधिकारी-कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकार संघ, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बड़ी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। सबसे पहले बारी-बारी से कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें प्रमुख शिकायतें शराब बिक्री व सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, मादक पदार्थ जैसे गांजा, नशीली दवाइयों का सेवन एवं शराबखोरी, यातायात नियमों को अनदेखी कर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई, साइबर संबंधी समस्या, नाबालिकों द्वारा वाहनों को नहीं चलाने, छात्र-छात्राओ द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के बाहर खुलेआम सिगरेट पीने एवं मवेशी संबंधित अव्यवस्था एवं सड़क दुर्घटना के संबंध में थी। शिकायत एवं सुझाव सुनने के बाद त्वरित कार्रवाई करने संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही साइबर एवं महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का शीघ्र निराकरण करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

### समस्याओं का निराकरण

जिला पुलिस टीम जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी थाना दिवस पर अलग-अलग थानों में जाकर समस्याओं के निराकरण हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम द्वारा थाना ठेलकाडीह एवं गातापार में, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार द्वारा थाना मोहगांव में, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी गंडई मानकराम कश्यप द्वारा थाना छुईखदान, मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक रमेश चंद्रा द्वारा थाना गंडई में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ आशारानी द्वारा थाना खैरागढ़ व जालबांधा में उपस्थित देकर क्षेत्रांतर्गत आए समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही नए आपराधिक कानून के बारे में जानकारी देकर सायबर क्राइम, फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया गया। साथ ही इनसे बचाव हेतु उपाय बताए गए।

## निषाद समाज भरेंगांव परिक्षेत्र का चुनाव 15 को

**राजनांदगांव।** निषाद समाज भरेंगाव परिक्षेत्र का चुनाव करने जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद की उपस्थिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी बसंत लारिया, सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी, उप चुनाव अधिकारी दाताराम निषाद, उपचुनाव अधिकारी हरिराम निषाद, उपचुनाव अधिकारी टीकमराम निषाद द्वारा 15 मार्च को निषाद सामुदायिक भवन भरेंगाव में मतदान प्रणाली से चुनाव होगा।

सहायक निर्वाचन अधिकारी चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। कोई भी मतदाता अथवा प्रत्याशी मतदाता सूची प्राप्त करने निर्वाचन कार्यालय भरेंगाव से निश्चित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। 11 मार्च को दोपहर 4 चुनाव चिन्ह का आवंटन हो गया है। मतदान तिथि 15 मार्च को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक मतदान स्थान क्षेत्रीय कार्यालय सामुदायिक भवन भरेंगाव में होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष के पद पर चुनाव होगा, शेष सभी पद निर्विरोध हो गया है।

**अध्यक्ष पद पर 3 उम्मीदवार शेष पद निर्विरोध**

भूषण प्रसाद निषाद को चुनाव चिन्ह 1 नंबर दो पत्ती छाप, छगन निषाद को 2 नंबर उगता सूरज व गौतम निषाद को चुनाव चिन्ह 3 नंबर झोपड़ी छाप मिला है। मतदान करने प्रत्येक मतदाता को अपने पहचान के लिए आधार कार्ड, पैनकार्ड, वोटर आईडी अथवा ड्राइविंग लाइसेंस कोई भी एक पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

## जिपं सीईओ ने की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उन्होंने पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा के कार्यों के लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा पूरा करने पर्याप्त श्रमिक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पंचायतों में प्रगति कम होने पर कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से ग्रामों में संपर्क कर कार्यों में प्रगति लाने निर्देशित किया।

स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाने तथा कचरा संग्रहण की निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। स्वच्छताग्राहियों का प्रोत्साहन राशि नियमित रूप से प्रदाय करने निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा की और सभी लंबित भुगतान को 20 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी व्यक्तिगत शौचालय को 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने तथा जियो टैग अनिवार्य रूप से कराने कहा। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने अटल मानिटरिंग पोर्टल की समीक्षा की। उन्होंने पशु उपचार हेतु नियमित रूप से शिविर लगाने एवं मोबाईल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति ग्राम बनाने शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई।

## 4920 महिला समूहों को 133 करोड़ का मिला ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की महतारी वंदन योजना से पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए से लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में महतारी वंदन योजना में कुल 24 किस्त जारी की गई है। जिले में पात्र महिलाओं को लगभग 578 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत विशेष तौर पर प्रावधान किया गया है कि प्रत्येक परिवार में परिवार की सबसे वरिष्ठ महिला, जो 18 वर्ष की आयु से कम न हो, राशन कार्ड जारी करने के प्रयोजन के लिए परिवार की मुखिया मानी जाएगी।

### महतारी वंदन से जुड़ी महिलाएं

जिले में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक 227107 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। श्रम विभाग में संचालित योजना अंतर्गत मिनी माता महतारी जतन योजना अंतर्गत 7232 महिलाओं को 14 करोड़ 46 लाख 40 हजार रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना अंतर्गत 24 महिलाओं को 24 लाख रुपए की राशि से मदद दी गई है।

### महिलाओं को 10 करोड़ का मुद्रा लोन

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सफल उद्यमी बनकर उभर रही है और आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। जिले की 4920 महिला स्वसहायता समूह को 133 करोड़ 39 लाख रुपए बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण प्रदान किया गया है। वहीं जिले की 829 महिलाओं को 10 करोड़ 11 लाख रुपए मुद्रा लोन के तहत दिया गया है। जिससे वे स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बन रही है।

### मातृत्व वंदन योजना से मिल रहा लाभ

वहीं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना से पहली बार माता बनने वाली योजनाओं को 5000 रुपए की सहायता मिल रही है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को गैस चुल्हा मिलने से भोजन बनाने में आसानी हो रही है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत नल के माध्यम से घर में शुद्ध पेयजल मिलने से महिलाओं की समय एवं ऊर्जा की बचत हुई है।

### 15 हजार गर्भवती महिलाओं की जांच

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रतिमाह की 9 एवं 24 तारीख को स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस योजना के तहत विगत 1 वर्ष से कुल 15386 गर्भवती माताओं की जांच कर हाई रिस्क वाली माताओं को चिन्हांकित कर विशेष देखरेख किया गया। वहीं 45 महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी की गई।

### जल संरक्षण के लिए संभाला मोर्चा

जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहा मिशन जल रक्षा अभियान के कारगर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। जनसहभागिता से संचालित इस अभियान में जल संरक्षण के लिए महिलाओं की भूमिका सराहनीय है। पद्मश्री फूलबासन यादव एवं उनकी टीम द्वारा जल संरक्षण के लिए जागरूकता के लिए विशेष तौर पर प्रयास किया जा रहा है। इन कार्यों में 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई। शासन की सुकन्या समृद्धि योजना से बालिकाओं के लिए बचत की प्रवृत्ति बढ़ी है।

## वाद-विवाद, अनावेदक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने की आशंका से पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराध के रोकथाम व नियंत्रण तथा काननू व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के खिलाफ सतत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम सांकरा में शांतिभंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे अनावेदक समारू देवांगन 42 साल निवासी ग्राम सांकरा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## कलेक्टर ने डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में स्थापित आधुनिक स्पेस लैब का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने गुरुवार को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल में स्थापित आधुनिक प्लैनेटेरियम और स्पेस लैब का निरीक्षण किया।

कलेक्टर श्री यादव ने शिक्षकों से लैब में उपलब्ध अत्याधुनिक उपकरणों और मॉडलों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। लैब में भारत के सभी प्रमुख उपग्रहों के मॉडल मौजूद हैं, जिनमें देश का पहला उपग्रह आर्यभट्ट (1975) से लेकर हालिया अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान तक शामिल हैं। इसके माध्यम से अंतरिक्ष अनुसंधान और वैज्ञानिक उपकरणों की तकनीकी समझ विकसित करने में मदद मिलती है। लैब में 3 डी प्रिंटिंग मशीन स्थापित है। जिससे अंतरिक्ष उपकरण और उपग्रहों के मॉडल बनाए जा सकते हैं। इसके साथ ही रोवर्स और लैंडर्स प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके डिजाइन और तकनीकी संचालन के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी गई। लैब में ड्रोन भी रखा गया है। जिससे हवाई सर्वेक्षण और तकनीकी परीक्षण की जानकारी ली जा सकती है। विशेष रूप से वर्चुअल रियलिटी (वीआर) के माध्यम से खगोलीय घटनाओं, ग्रहों और उपग्रहों की गति, ऑर्बिट और अंतरिक्ष मिशनों का वर्चुअल अनुभव कराया जा सकता है।




## प्रतिबंधित पॉलीथिन : दुकानदारों पर लगाया गया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग के आसपास की दुकानों का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान 12 दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करते पाया गया। दुकानदारों के विरूद्ध न्यूनतम जुर्माने की कार्रवाई करते कुल 2500 रुपए अर्थदंड वसूला गया तथा लगभग 10 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। दुकानदारों को दुकान पर पॉलीथिन का उपयोग, बिक्री एवं भंडारण नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए तथा पॉलीथिन का उपयोग करने पाए जाने पर भारी अर्थदंड के साथ कड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी गई। इस दौरान दुकानदारों एवं नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ नगर के लिए पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने तथा कपड़े या कागज के थैलों का उपयोग करने की अपील की गई।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 10 मार्च को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने इस वर्ष बजट में शामिल विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बजट में शामिल विकास कार्य को प्राथमिकता देते शीघ्र प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने पिछले वर्ष में बजट में स्वीकृत कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसलदारों को सर्वेयर द्वारा किए गिरदावरी कार्य की पुनः जांच कर रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को संज्ञान लेते हटाने के निर्देश दिए।

## टीम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार नागरिकों को सही गुणवत्ता की खाद्य सामग्री पहुंचाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

इस कड़ी में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी साधना चंद्राकर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के गुजराती स्वीट्स एवं मेसर्स बसंतीलाल अग्रवाल के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। गुजराती स्वीट्स से मगज लड्डू एवं मिल्क केक का नमूना तथा मेसर्स बसंतीलाल अग्रवाल से जेम्स कनफेक्शनरी एवं मिर्ची पाउडर का नमूना संकलित किया गया। खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खाद्य कारोबारियों से अपने प्रतिष्ठान में सुरक्षित और सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ का ही विक्रय, भंडारण, प्रदर्शन, विनिर्माण करने की अपील की गई है। नागरिक, प्रतिष्ठान पर मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय का संदेह होने पर इसकी सूचना खाद्य सुरक्षा विभाग की हेल्पलाईन 9340597097 पर दे सकते है।

### जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद होगी कार्रवाई

इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डोमेन्द्र ध्रुव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मेसर्स ईमाम एंटरप्राईजेस हल्दी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृताञ्जल पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य के लेबल पर बैंच नंबर, विनिर्माण तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस अंकित नहीं होने पर 429 बोरी अमृताञ्जल पैक्ड ड्रिंकिंग वाटर जब्त किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा संतोष किराना स्टोर्स सुरगी से गेंहू आटा का नमूना संकलित कर जांच के लिए खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जांच के लिए संग्रहित सभी खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा मनक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 13 मार्च 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव



### महिला एवं बाल विकास विभाग बजट चर्चा में विधायक ने विधानसभा में उठाया प्रश्न

# विधायक ने ग्रामीण व वनांचल क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने गुरूवार को विधानसभा में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित प्रावधानों पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेवाओं के विस्तार और पोषण कार्यक्रमों को मजबूत करने की बात कही जिससे क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ सके। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश से जुड़े प्रमुख विषयों को सदन के समक्ष रखा। उन्होंने ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु स्वीकृत कार्यो और ग्राम पंचायतों के डिजिटलीकरण व कम्प्यूटर विहीन ग्राम पंचायतों के विषय में प्रश्न किया। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता की सुविधा हेतु ऑनलाइन दस्तावेजों की प्राप्ति में ग्रामवासियों को हो रही असुविधा के लिए उन्होंने प्रमुखता से प्रश्न रखा साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए पंचायतों द्वारा स्वीकृत एवं लंबित कार्यो का विषय भी उठाया। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं एवं पंजीकृत बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के विषय को भी प्रमुखता से रखा और प्रदेश व जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विषय में भी प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि कबीरधाम जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में ग्राम पंचायतों के माध्यम से कितने विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं? स्वीकृत कार्यो पर अब तक कितनी राशि व्यय की जा चुकी है? इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने प्रगतिरत हैं? क्या उक्त स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता की नियमित निगरानी हेतु कोई विशेष तंत्र स्थापित किया गया है? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें वित्त एवं मूलभूत योजनाओं के अंतर्गत कुल 6,254 कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिसके लिए 67 करोड़ 80 लाख 91 हजार रुपए स्वीकृत की गई और कुल 35 करोड़ 49 लाख 93 हजार रु व्यय किए गए हैं। इनमें से 3,573 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, 1,373 कार्य प्रगतिरत हैं एवं 1237 कार्य अप्रारम्भ हैं। 2024-25 एवं 2025-26 में कबीरधाम जिलें में ग्राम पंचायत के माध्यम से स्वीकृत कार्यो की गुणवत्ता की निगरानी उप अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के द्वारा की जाती है। उन्होंने ग्राम पंचायतों में क्रय किए गए कम्प्यूटर के विषय में प्रश्न किया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में कुल कितने कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं तथा उक्त क्रय पर कुल कितनी राशि व्यय की गई है? जिसके लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत संचालन के प्रयोजनार्थ ग्राम पंचायतों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2025-26 की अवधि में राज्य स्तर से निरंक, जिला-जनपद पंचायत स्तर से निरंक तथा पंचायत स्तर से कुल 07 कम्प्यूटर क्रय किए गए हैं। इनमें से जनपद पंचायत पंडरिया में 3, कवर्धा में 2 तथा सहसपुर लोहरा में 2 कम्प्यूटर कुल लागत 4 लाख 61 हजार 490 रुपए में क्रय किया गया है।

### मनरेगा योजना अंतर्गत मजदूरों के लंबित भुगतान के विषय में प्रश्न किया



भावना बोहरा ने जी-राम-जी (पूर्व में मनरेगा) योजना अंतर्गत मजदूरों के लंबित भुगतान के विषय में प्रश्न किया कि राज्य में जी-राम-जी योजना के तहत पिछले 06 महीनों में कितने मजदूरों का भुगतान 15 दिन की वैधानिक सीमा से बाहर हुआ है? विगत 03 वर्षो में कितने फर्जी जॉब कार्ड पकड़े गए? जिसके लिखित उत्तर में गृह मंत्री ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा भारत के राजपत्र दिनांक 21 दिसम्बर 25 में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 का प्रकाशन किया गया है। इसे छत्तीसगढ़ राज्य में लागू करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत एक ही श्रमिक विभिन्न दिवसों में कार्य करता है, जिसमें से कुछ कार्यो का भुगतान हो जाता है तथा कुछ कार्यों का भुगतान लंबित रहता है, जिससे लंबित मजदूरी भुगतान वाले श्रमिकों की संख्या एवं औसत देरी बताया जाना संभव नहीं है। 22 दिसम्बर, 2025 से 12 जनवरी, 2026 तक आंशिक तथा 13 जनवरी, 2026 के बाद से पूर्ण मजदूरी भुगतान लंबित है। इस प्रकार 27 फरवरी 2026 की स्थिति में कुल 225.09 लाख मानवदिवस का राशि रूपए 53143.71 लाख का मजदूरी भुगतान राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण लंबित है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विगत 03 वर्षो में फर्जी-डुप्लीकेट जॉब कार्ड पकड़े जाने की जानकारी निरंक है। भावना बोहरा ने स्वास्थ्य सेवाओं के सन्दर्भ में पूछा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम -एबीएचआईएम) योजना के तहत राज्य के जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसीएस) में क्रिटिकल केयर यूनिट की स्थापना की अद्यतन स्थिति क्या है? राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में कुपोषण और सिकल सेल एनीमिया के प्रबंधन के लिए संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों (एनआरसी) में बिस्तरों की संख्या और डॉक्टरों की उपलब्धता का ब्यौरा क्या है? क्या यह सही है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की कमी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? जिसके लिखित उत्तर में लोक स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के 17 जिलों में क्रिटिकल केयर यूनिट फिनिशिंग स्तर पर है, कुछ जगह स्लैब लेवल कार्य, कुछ जगह पुनः निविदा आमंत्रण, प्लिंथ लेवल कार्य प्रगतिरत है और कबीरधाम जिला अंतर्गत कवर्धा जिला अस्पताल में प्लिंथ लेवल कार्य प्रगतिरत है। राज्य के आदिवासी बाहुल्य जिलों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए 10 विस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में सुविधा उपलब्ध है। कबीरधाम जिला में कवर्धा विधानसभा अंतर्गत जिला चिकित्सालय कबीरधाम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा व बोड़ला, एवं पंडरिया विधानसभा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में 10 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध है एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित पोषण पुनर्वास केन्द्रों के लिए संस्था में कार्यरत 1 चिकित्सा अधिकारी को नामित किया जाता है एवं आवश्यकतानुसार अन्य चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भी बच्चों की जांच एवं उपचार किया जाता है।



# बढ़ती महंगाई में गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास बनाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

प्रदेश भर में बढ़ती महंगाई की मार सभी वर्गो को उठानी पड़ रही है। वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास बनाना बढ़ती महंगाई में निर्माण कार्य कराना ग्रामीण गरीब हितग्राहियों का पसीना निकल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आज की दौर में बढ़ती महंगाई को देखते हुए पीएम आवास योजना की निर्माण कार्य की सहायता राशि को बढ़ाए जाने की मांग की गई ताकि प्रधानमंत्री आवास के तहत एक अच्छा घर बनाया जा सके, बढ़ती महंगाई के कारण 1 लाख 40 हजार में घर बनाना इतना आसान नहीं है। प्रशासन द्वारा दी जारी रही सहायता में बढ़कर कम से कम 2 लाख किया जाए, ताकि ग्रामीण गरीब हितग्राहियों को पीएम आवास निर्माण कार्य में आसानी हो सके। ग्रामीण हितग्राहियों ने बताया कि आज के दौर में 14 हजार रूपए ट्रैक्टर-ट्रॉली ईट, 5 हजार रूपए गिट्टी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली, 5 हजार रूपए ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत व 300 रुपए में सीमेंट तथा 5500 रूपए में एक क्विंटल छड़ होने से गरीब हितग्राहियों की पसीना छुट रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब हितग्राहियों को पहली किस्त 40 हजार रूपए, द्वितीय किस्त 60 हजार रूपए व तृतीय किस्त 20 हजार तथा 16 हजार रूपए मनरेगा के तहत बैंक खाता में मजदूर के नाम दिया जाता है। जिस पर ग्रामीण हितग्राहियों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा आज की बढ़ती महंगाई को देखते हुए प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की सहायता राशि को बढ़ाया जाए ताकि आवास निर्माण कार्य आसानी से कराया जा सके।

# धान का कटोरा या नशे का गढ़? अफीम खेती पर कांग्रेस का भाजपा कार्यालय घेराव

## भाजपा राज में नशे का साम्राज्य खड़ा हो रहा है: नवीन जायसवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में संगठनात्मक पूर्णता और पार्टी की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया, कि जिला अंतर्गत सभी बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर संगठनात्मक ढांचा तत्काल प्रभाव से पूर्ण किया जाएगा। बैठक में प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे नशे के कारोबार और भाजपा सरकार के संरक्षण में सामने आ रही अफीम की खेती के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नशे के कारोबार को रोकने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है, बल्कि अब तो भाजपा से जुड़े नेताओं के खेतों में ही अफीम की खेती उजागर हो रही है। इसी मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थें और भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी पदम कोठारी ने कहा कि भाजपा शासन में प्रदेश के चौक-चौराहों और दुकानों में अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थो की बिक्री खुलेआम हो रही है। इससे प्रदेश के युवाओं का भविष्य बर्बादी की ओर धकेला जा रहा है और समाज में गलत माहौल बन रहा है। एक तरफ भाजपा सरकार नशा मुक्त समाज बनाने का ढोंग करती है, वहीं दूसरी तरफ उनके ही नेता अपने खेतों में अफीम जैसी नशीली फसल उगाते पकड़े जा रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी मात्रा में अफीम की खेती आखिर किसके संरक्षण में हो रही थी। बिना राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के इतने बड़े स्तर पर नशीले पदार्थो की खेती संभव नहीं हो सकती। जिस खेत में यह खेती पाई गई है, वह व्यक्ति भाजपा किसान मोर्चा का पूर्व पदाधिकारी रह चुका है और वर्तमान में भाजपा का सक्रिय नेता बताया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि नशे के इस काले कारोबार को कहीं न कहीं सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण इसे नशे का गढ़ बनाने की साजिश चल रही है। आज प्रदेश में अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थो का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है।

महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। यदि भाजपा सच में नशा मुक्त समाज चाहती है तो सबसे पहले अपने नेताओं पर कार्यवाही करे जो नशे की खेती और कारोबार में लिप्त पाए जा रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक सिंह, मणिकांत त्रिपाठी, घनश्याम साहू, सौखीराम साहू, प्रभाती मरकाम, नारायणी तोंडरा, लालजी चंद्रवंशी, अगम अनंत, गोपाल चंद्रवंशी, सूरज वर्मा, शिवप्रसाद वर्मा, कलीम खान, पदुम सेन, राजेन्द्र मारकंडे, शीतेष चंद्रवंशी, भीषण पांडेय, सूरज वर्मा, अगम अनंत, आनंद सिंह, आकाश केशरवानी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# भाजपा के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा बने प्रदेश प्रवक्ता, संगठन ने दी बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भाजपा की प्रदेश मीडिया टीम में जिले को अहम प्रतिनिधित्व मिला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से घोषित नई मीडिया टीम में जिले के प्रखर वक्ता जसविंदर बग्गा को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को संगठन में जिले की बढ़ती सक्रियता और प्रभाव का संकेत माना जा रहा है। भाजपा संगठन ने प्रदेश स्तर पर मीडिया प्रबंधन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश सह संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट की नई सूची जारी की है। इसी सूची में कबीरधाम के सक्रिय भाजपा नेता जसविंदर बग्गा को यह जिम्मेदारी दी गई है। लंबे समय से संगठन और मीडिया मंचों पर पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने वाले बग्गा को प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जिस पर जसविंदर बग्गा की नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल और दुर्गेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी तथा परेटन वर्मा सहित जिले के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। नेताओं ने कहा कि यह नियुक्ति कबीरधाम जिले के लिए गर्व की बात है और इससे संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रदेश प्रवक्ता के रूप में जसविंदर बग्गा की भूमिका पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और सरकार की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाने की होगी। साथ ही राजनीतिक मुद्दों पर पार्टी का आधिकारिक पक्ष भी वे प्रदेश स्तर पर प्रस्तुत करेंगें।

### सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के शासकीय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित एफडीपी (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम) के द्वितीय दिवस का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ केएस परिहार, शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में समाज में व्याप्त जेंडर भेदभाव से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पहले समाज में महिलाओं और पुरुषों के बीच कई प्रकार अंतर किया जाता था तथा वर्तमान समय में उसमें किस प्रकार परिवर्तन आया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय में छत्तीसगढ़ राज्य अन्य राज्यों की अपेक्षा अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। दूसरे वक्ता के रूप में असीत कुमार, सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) रहे। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के अंतर्गत जेंडर समावेशन एवं संवेदनशीलता विषय पर अपने विचार प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री मुकेश कुमार कमले, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज में जेंडर के आधार पर किए जाने वाले व्यवहार तथा होने वाले अत्याचारों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि जागरूकता के माध्यम से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के दोनों सत्रों का संचालन संयोजक डॉ एसआर टंडन द्वारा किया गया तथा उन्होंने सभी वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के तिग्गा, आईक्यूएसी प्रभारी लवन सिंह कंवर, आयोजन सचिव शीतल साहू, सह-संयोजक राजा झारिया, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ बीरेंद्र कुमार, शिवराम चंद्रवंशी एवं श्रीमती प्रीति सिंह परिहार गुप्ता की भूमिका सराहनीय रही।

# होली किंगडम स्कूल में भव्य महिला दिवस समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होली किंगडम इंग्लिश हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कवर्धा में महिलाओं के सम्मान और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में यह कार्यक्रम बड़े उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर नृत्य, फैशन-शो, श्रृंगार प्रतियोगिता सहित कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं, अभिभावकों तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के संचालक पास्टर जोश थॉमस के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं तथा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस कार्यक्रम में रूपा डेविड धुनष सिंग रायपुरिया, आकाश चंद्रवंशी, रतन सिंह, साहिल खान, छत्रपाल साहू एवं सभी शिक्षको का इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। महिलाओं के लिए कई तरह के अलग-अलग खेल का आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर में प्रथम रीना जैन, द्वितीय चुन्नी सिंह एवं तृतीय पूर्णिमा मिश्रा, इसी प्रकार डांस प्रतियोगिता में प्रथम चुन्नी सिंह, द्वितीय किरण बैस एवं तृतीय मनीष नेता और आराधना तिवारी साथ ही फैशन-शो में प्रथम सोनम बंजारे, द्वितीय आरती सिन्हा व तृतीय सबा बक्सवी रही। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का संदेश देते हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और समानता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस प्रकार महिला दिवस का यह समारोह अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### सीएम ने किया बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक जनहितैषी निर्णय लिया गया है। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मेडिकल कॉलेज रायपुर के ऑडिटोरियम में किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव एवं पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में तैयार बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 मुख्य रूप से निम्नदाब घरेलू, बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) और कृषि श्रेणी के उन अशासकीय उपभोक्ताओं के लिए है, जो लंबे समय से बकाया राशि के कारण आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। इस योजना के तहत कबीरधाम जिले के 47445 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इस योजना का अधिकाधिक लाभ प्रदान करने के लिए सभी विद्युत वितरण केंद्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के माध्यम से 31 मार्च 2023 के पूर्व निष्क्रिय बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 75 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट, निष्क्रिय घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट तथा निष्क्रिय कृषि (स्थायी एवं अस्थायी) श्रेणी के उपभोक्ता के लिए बकाया राशि भुगतान पर मूल राशि पर 50 प्रतिशत की छूट एवं अधिभार राशि पर 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

# बैगा आदिवासी पहुंचे राजधानी समस्याओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पण्डरिया ब्लॉक के पहाड़ी क्षेत्र के रहवासी ग्राम सारपानी, छिंदीडीह, देवानपटपर, नांगाडबरा, भेड़ा गढ़ आदि गांव के समस्त समस्या को लेकर पहुंचे महानदी भवन नया रायपुर इस दौरान आदिवासी समता मंच के अध्यक्ष श्रीमती इन्दू नेताम, राजेश रंजन द्वारा प्रमुख सचिव से गांव के महिला एवं पुरुष लोगों को भेंट-मुलाकात कराने में मदद किए। जिस पर कोदुराम ने कहा कि हम सभी लोग पीढ़ी दर पीढ़ी से काबिज पर हमें वन अधिकार पत्र नहीं मिला है। इसी के बारे में अवगत कराया गया, धनिया बाई ने बताया कि जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में पानी कि समस्या बहुत ज्यादा है और खासकर छिंदीडीह के मोहल्ला, टीकरापारा में हैण्डपंप का आभाव है, साथ ही बरसो से नाला-झिरिया का पानी पीने मजबूर है। वहीं वनांचल वासियों ने बिजली, सड़क, खेत-समतलीकरण, अन्य समस्याओं को लेकर आवेदन दिया गया। इस दौरान फुलबाई, कलीबाई, श्यामाबाई, घिनवा, खेदुराम, बिरसुराम और आदिवासी समता मंच के कार्यकर्ता सहेत्तर सिंह धुर्वे, हेमंत गाढेवाल सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।



**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, PRAMOD KAUSHIK S/O MAHENDRA R/o-house number 165, Gochhiya, PO: Gochia, DIST: Kawardha, Chhattisgarh-491336 have change the name of my minor son AARYA KAUSHIK aged 2 years and he shall hereafter be known as ARYAVARDHAN KAUSHIK.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

PRAMOD KAUSHIK
[Signature of Guardian]

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दुर्गम पहाड़ों में पहुंच रही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधा

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के वनांचल और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए कभी सोनोग्राफी जैसी आधुनिक जांच के लिए शहर की लंबी और थकाऊ यात्रा एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन आज कबीरधाम जिले के सुदूर इलाकों में ममता की राह आसान हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, स्वास्थ्य विभाग की इस पहल ने सुरक्षित मातृत्व की दिशा में एक नई कहानी लिख रही है। समय पर सोनोग्राफी जांच और विशेषज्ञों के परामर्श की सुविधा मिलने से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की बेहतर निगरानी संभव हो रही है। पिछले दो वर्षों में जिले के दुर्गम क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर 976 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि उन 976 परिवारों की मुस्कान है जिन्हें अब अपने घर के पास ही विशेषज्ञ सुविधा मिल रही है।

### ओपन स्कूल की परीक्षा 16 से प्रारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा 16 मार्च से शुरू होगी। इसमें हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षा 8 अप्रैल तक होगी। विद्यार्थी अपनी परीक्षा से संबंधित समय-सारणी की जानकारी समीपस्थ अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं, अथवा अधिक जानकारी संबंधित वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है।

**एक्शन :** विभिन्न प्रतिष्ठानों से 10 खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे गए

# खाद्य सामग्री विक्रेताओं की दुकानो में छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला कबीरधाम में आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित, स्वच्छ और मानक अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य प्रतिष्ठानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर खाद्य नमूने संग्रहित किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2026 को रायपुर रोड, कवर्धा स्थित मधुरम स्वीट्स प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान से गुलाब जामुन, पनीर एवं गोल्डन नमकीन (पैक्ड) के खाद्य नमूने निर्धारित प्रक्रिया के तहत जाँच के लिए संग्रहित किए गए। इसके पश्चात 11 मार्च 2026 को फर्म शाहिद पेप्सी एंड कोल्ड ड्रिंक्स से आइस कैंडी के कुल 4 नमूने लिए गए। इसी दिन फर्म ए.एन. मार्केटिंग से भी 3 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए, जिनमें मैजिक रस मैंगो ऑरेंज, आइस कैंडी तथा लिक्विड मैंगो (घट्ट मैंगो इमल्शन फ्लेवर्ड) शामिल हैं। सभी नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह संपूर्ण कार्यवाही अभिहित अधिकारी मुकेश साहू के निर्देशन में संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती साधना चंद्राकर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी फणीभूषण जायसवाल उपस्थित रहे।

**खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए निर्देश**



खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के समस्त खाद्य व्यवसायियों को निर्देशित किया गया है कि वे खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण और विक्रय के दौरान निर्धारित मानकों एवं स्वच्छता नियमों का कड़ाई से पालन करें। साथ ही उपभोक्ताओं से भी अपील की गई है कि वे केवल गुणवत्ता युक्त और मानक अनुरूप खाद्य पदार्थों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की खाद्य अनियमितता की जानकारी विभाग को तत्काल दें।




# वनांचल ग्राम बांधा में 58 परिवारों को मिला भूमि का मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बोड़ला विकासखंड के वनांचल ग्राम बांधा में आज स्वामित्व योजना के तहत 58 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। इसके अंतर्गत ग्राम बांधा के 29, झंडी के 18 और केसदा के 11 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू सहित, नितेश अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, तहसीलदार हुलेश्वर पटेल, सरपंच श्रीमती गिरजा रामदयाल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण लोगों को उनके मकान और भूमि का कानूनी अधिकार देने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनके घरों का मालिकाना हक और प्रमाणिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन दस्तावेजों के मिलने से ग्रामीण अब बैंकों से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होगी। साथ ही संपत्ति के स्पष्ट अधिकार मिलने से जमीन संबंधी विवादों के समाधान में भी आसानी होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि जिले में स्वामित्व योजना के तहत कुल 28 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है, जिसमें से प्रथम चरण लगभग 8100 पट्टों का वितरण किया जा चुका है।

वर्तमान में दूसरे चरण के अंतर्गत जिले में लगभग 3 हजार पट्टों का वितरण किया जाना है। इनमें बोड़ला विकासखंड में 820, सहसपुर लोहारा में 337, पिपरिया में 287, कवर्धा में 643 तथा रेंगाखारकला में 125 पट्टे तैयार कर वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रक्रियाधीन प्रकरण को पूर्ण कर वितरित किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्रामवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस गांव में आने का उद्देश्य यहां के विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है।

गांव की आवश्यकताओं और मूलभूत सुविधाओं की जानकारी सरपंच और सचिव के माध्यम से लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जाएंगे। आसपास के पिछड़े गांवों का भी विश्लेषण कर वहां बेहतर विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

# ग्राम नवागांव में विभिन्न जनहितकारी निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू के आतिथ्य में ग्राम नवागांव में विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर चबूतरा निर्माण, प्राथमिक शाला भवन में नलकूप खनन एवं पम्प स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की गई, जिससे ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर गांव, गरीब, किसान और आमजन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार ही सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे निर्माण कार्यों से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच केदार साहू, आसवन साहू (मंडल उपाध्यक्ष), युवा मोर्चा के यशवंत चंद्रवंशी, विकास चंद्रवंशी, विद्यालय के प्राचार्य सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## सेमेस्टर परीक्षा परिणाम किए गए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दुर्ग के हेमचंद विवि ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है। इस संबंध में दुर्ग हेमवंद विश्व विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इसमें सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 अंतर्गत एमए (मनोविज्ञान) प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल परिणाम 92.31 प्रतिशत, एमए (मनोविज्ञान) तृतीय सेमेस्टर का 94.83 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम संबंधित वेबसाइट पर जारी कर दिए गए है।

# बीते 17 महीनों से अधूरा पड़ा साइंस चौक निर्माण कार्य, एनएसयुआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पीजी कॉलेज के सामने बन रहे साइंस चौक निर्माण कार्य को लेकर एनएसयुआई ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। गुरूवार को एनएसयुआई के जिला महासचिव अमन वर्मा के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की गई। एनएसयुआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने बताया कि साइंस चौक निर्माण का कार्य लगभग 17 महीनों से अधूरा पड़ा हुआ है, लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरा मामला भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गया है, जबकि नगर पालिका द्वारा अब तक ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई या नोटिस जारी नहीं किया गया। पूर्व एनएसयुआई अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी ने नगर पालिका अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष को शहर के विकास की चिंता नहीं है। वे सिर्फसोशल मीडिया पर रील्स और वीडियो बनाने में व्यस्त हैं, जबकि कॉलेज परिसर का महत्वपूर्ण निर्माण कार्य महीनों से अधूरा पड़ा है। कॉलेज परिसर के साइकिल स्टैंड की जगह को साइंस चौक निर्माण के लिए उपयोग किया जा रहा है, लेकिन निर्माण में लापरवाही के कारण कॉलेज का मुख्य द्वार अधूरा और अव्यवस्थित नजर आ रहा है। एनएसयुआई ने इस संबंध में प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो नगर पालिका अध्यक्ष और प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से आकाश केशरवानी, सूरज वर्मा, धनेश पाली, खोरबरहरा साहू, भुनेश्वर पटेल, विष्णु नेताम, नरेंद्र वर्मा, आशीष चंद्रवंशी, वैभव ठाकुर, सुजल ठाकुर, शिवेंद्र वर्मा, तुषार वर्मा, आशीष साहू, रूपेश साहू, लक्ष्मण यादव, जितेंद्र चंद्रवंशी, भूपेंद्र ठाकुर सहित एनएसयुआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पृष्ठ 09 का शेष

### कार्यालय घेरने निकले...

**कार्यकर्ता हुए शामिल-** जिला भाजपा कार्यालय घेराव के दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, झमन देवांगन, अनीश खान, डॉ. आफताब आलम, अशोक फडणवीस, महेंद्र यादव, विनय झा, विशु अजमानी, रज्जू जॉन, अशोक पंजवानी, विष्णु लोधी, गुलरेज माखीजा, मेहुल मारू, अभिमन्यु मिश्रा, मदन साहू, आमीन हुड्डा, गणेश पवार राजकुमारी सिन्हा, चेतन भानुशाली, माया शर्मा, शैलेश ठावरे, दुलारी बाई साहू, दिनेश शर्मा, मनीष गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### उखड़ी चौपाटी से...

चलते वाहन से खड़-खड़ाहट की आवाज के साथ ही वाहन का संतुलन भी बिगड़ता है। त्रिवेणी परिसर के सामने किया गया इंटरलॉकिंग भी खराब होकर उखाड़ने लगा है। यहां जगह-जगह गड्ढे पड़ रहे हैं। त्रिवेणी परिसर के ठीक सामने बीचो-बीच सड़क काफी उखड़ चुकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क को बनाने के लिए पार्षद सहित नगर निगम में भी मांग की जा चुकी है, लेकिन इस सड़क की मरम्मत को लेकर भी ध्यान नहीं दिया गया। यह सड़क त्रिवेणी परिसर, चौपाटी, सर्किट हाउस, दो निजी स्कूलों सहित एक निजी अस्पताल जाने का प्रमुख मार्ग है। इस सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने के चलते लगातार सड़क से गिट्टियां उखड़ रही है।

### बाजार में पहुंचे मटके...

**ढाई सौ तक के मटके-** मटका विक्रेता किशोर मेश्राम ने बताया कि फ्रीज का जमाना है, पर मटकों का चलन अब भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि शीतला अष्टमी से मटको की मांग और बढ़ जाती है। उनके पास 120 रुपए से ढाई सौ रुपए कीमत तक के मटके उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादातर मटके बागनदी, मोहला और मानपुर क्षेत्र से आ रहे हैं। मिट्टी के घड़े में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम- मिट्टी के घड़े का पानी स्वास्थ्य के लिए बेहतर माना जाता है। मिट्टी का घड़ा पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा करने के साथ ही इसे शुद्ध भी करता है। वहीं यह मिनरल से भरपूर होता है। मटके का पानी वाष्पीकरण प्रक्रिया के कारण ठंडा होता है, जो गले में खराश या सर्दी-खांसी उत्पन्न नहीं करता है। मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम पानी में मिल जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद होते है। वहीं कई लोगों को फ्रिज का पानी सूट नहीं करता है। यही कारण है कि अब भी अधिकांश घरों में गर्मी के दिनों में मटके का पानी उपयोग होता है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को दस सूत्रीय समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा को दस सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर अविलंब निराकरण की मांग किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि नवमीं व ग्यारहवीं की जिला स्तर से जारी वार्षिक परीक्षा समय-सारणी में समय दोपहर 1.30 से 4.30 बजे रखा गया है, जो उचित नहीं है। अप्रैल माह की भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए इसे संशोधित कर प्रातः 8 से 11 बजे किया जावे। साथ ही वर्तमान में पड़े रहे गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए स्कूल समय प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक किया जावे। शिक्षकों की सेवापुस्तिका व सीजीपीएफ पासबुक में डीडीओ का हस्ताक्षर कराने, सभी शिक्षकों को फार्म-16 निर्धारित समय सीमा में निःशुल्क प्रदान करने, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के पद पर पदोन्नति उपरांत कार्यभार ग्रहण की जानकारी जेडी दुर्ग को प्रेषित करने, प्राथमिक प्रधान पाठक पद में पूरक पदोन्नति सूची जारी करने, संकुल समन्वयक के रिक्त पदों पर नियुक्ति देने, सेवापुस्तिका से मिलान कर वरिष्ठता सूची में योग्यता दर्ज करने का मुद्दा रखा गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजे प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए यह स्पष्ट करने की मांग रखा गया कि नवमीं व ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम में अर्द्धवार्षिक का तीस प्रतिशत अधिभार दिया जाएगा या नहीं। शिक्षकों की सेवापुस्तिका को डीडीओ कार्यालय के बजाय स्कूलों में रखने के अव्यवहारिक निर्देश को तत्काल निरस्त करने की मांग रखा गया। संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग द्वारा विगत पांच मार्च को जारी पत्र के बिंदु आठ में दिए गए निर्देशानुसार स्थानांतरित सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक पद पर कार्यभार ग्रहण दिनाँक से वरिष्ठता देकर सूची तैयार करने कहा गया। शिक्षकों की उच्च परीक्षा के लिए अनुमति हेतु जेडी पुनः पत्र प्रेषित करने पर चर्चा हुआ। डीईओ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया है।



**जिले के होटल-रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग की दबिश, घरेलू गैस के दुरुपयोग पर कार्रवाई**

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर सख्ती, ग्यारह प्रतिष्ठानों से सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्ती के साथ निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीमों ने शहर के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंट में निरीक्षण कर कार्रवाई की है। अभियान के दौरान चार प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करते पाए जाने पर सिलेंडर जब्त कर संबंधित संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मार्च को निरीक्षण के दौरान गोस्वामी रेस्टोरेंट से 2, कबीरधाम टी स्टॉल से 1, दंतेश्वरी होटल से 1 तथा शिवा होटल से 1 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया है। वहीं 12 मार्च को निरीक्षण के दौरान होटल तिरुपति रेस्टोरेंट एवं ढाबा से 2 सिलेंडर, एससीजी ढाबा एंड रेस्टोरेंट 1, इस्माइल कैफे से 3, इको होटल फूड से 1, गुड्डू होटल से 1, जेठालाल चाय से 1 और जय बजरंग होटल से 1 घरेलू सिलेंडर जप्त किया गया है। टीम ने इस दौरान होटल रॉयल सेलिब्रेशन, नारायणी, छप्पन भोग, डीएफसी कैफे और श्रीधर जोधपुरी रेस्टोरेंट में भी जांच की गई। किंतु यहां घरेलू सिलेंडर का उपयोग नहीं पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है, जिस पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। भारत सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा लगातार निरीक्षण और कार्रवाई की जा रही है, ताकि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक ही सीमित रहे और आम नागरिकों को गैस की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न हो। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए होटल और रेस्टोरेंट के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली गैस की आपूर्ति प्रभावित न हो और उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन ने होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि वे घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में न करें। यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411